तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 17 सितंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



कलेक्टर ने ली जनपद पंचायत अन्य विभागों की समीक्षा बैठक

4




## खबर संक्षेप

### अग्नि वीर भर्तियों के लिए चलाया गया जागरूकता

**जशपुरनगर।** शासन के निर्देश के अनुसार सेना में भर्ती हेतु स्कूली विद्यार्थियों के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन 15 सितंबर को जिले में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अग्नि वीर भर्ती के लिए प्रेरित और जागरूक किया गया । कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर के वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जशपुर ,मनोरा, दुलदुला और कुनकुरी विकासखंड के लगभग 750 विद्यार्थी और 50 शिक्षको को सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से आए भारतीय सेना के ऑफिसर रूबेश कुमार और हवलदार स्वर्ण सिंह के द्वारा अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर, डीएमसी नरेंद्र सिन्हा और संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम सुबह 10 से 11.30 बजे तक चला।

### एनएचएम हड़ताल जारी स्वास्थ्य सुविधा ठप

**जशपुर।** एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल अपने चरम पर है. जिसके कारण जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर व्यापक व बुरा असर पड़ रहा है. दिन-ब-दिन हालत काबु से बाहर होती जा रही है। आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने अन्यत्र निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है . जो जनसामान्य के लिए असुविधाजनक तो है ही साथ साथ राज्य के लिए अत्यंत खेद का विषय है. जहाँ एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री संपूर्ण राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को अत्याधुनिक उपकरणों व स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस करने का प्रयास कर रहे है. ऐसे में राज्य के समस्त जिलों में एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल के कारण स्वास्थ्य व्यवस्थायें बुरी तरह प्रभावित हो रही है. आज कर्मचारियों के हड़ताल को 29 दिन हो चुका है. और स्वास्थ्य विभाग अपने बदहाली के दौर से गुजर रही है. फिर भी शासन को ना तो कर्मचारियों कि ही फिक्र है ना ही जनता की। अब यक्ष प्रश्न है कि आखिर कब सुध लेगी शासन?

### शराब के नशे में झूमने वाला आरक्षक निलंबित

**बिहारपुर।** रविवार को पुलिस चौकी मोहरसोप में पदस्थ आरक्षक हृदय लाल पाटले शराब के नशे में बीच सड़क पर अपनी स्कूटी खड़ा कर सड़क किनारे स्थित किराना दुकान के सामने बेसुध हालत में मिला था। इस दौरान ग्रामीणों ने आरक्षक का वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। हरिभूमि ने इस संबंध में प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### गो हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा

**सीतापुर।** गौ हत्या के बाद मांस बेचने का मामला प्राकश में आया है। पुलिस ने देर रात की गई छापेमारी में भारी मात्रा में गोमांस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम राजापुर में देर रात कुछ ग्रामीण गौ हत्या कर उसका मांस बेचने की फिराक में थे। इस बात की जानकारी देर रात जब पुलिस समेत गौ सेवक भवानी सिंह को मिली। पुलिस समेत गौसेवक आरोपियों को पकड़ने रात को गांव में धावा बोल दिया।पुलिस को आता देख गाय की हत्या करने वाले लोग अंधेरे का लाभ उठाते हुए मौके से फरार हो गए। देर रात पुलिस को तलाशी के दौरान बोरे में रखा गाय का कटा हुआ मांस एवं लावारिस हालत में खड़ी बाइक मिली जिसे बरामद करते हुए पुलिस संदेह के आधार पर एक ग्रामीण को भी अपने साथ पकड़कर थाने ले आई थी। संदेही से पूछताछ के बाद पुलिस ने इस मामले में कोई संलिप्तता नही पाए जाने पर छोड़ दिया था।

# 24 नए छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर/पत्थलगांव

जिले को एक बड़ी सौगात मिली है। अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्रामों में नए छात्रावास भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इन भवनों पर करोड़ों रुपये व्यय किए जाएंगे। छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए मंजूरी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवासीय सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।



■ जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

जिले में नए भवन निर्माण के लिए पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास जशपुर 1 करोड़ 92 लाख, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास लोदाम 1 करोड़ 53 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास पैकु 1 करोड़ 53 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास मनोरा 1 करोड़ 92 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बगीचा 1करोड़ 92 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास रौनी 1 करोड़ 53 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कांसाबेल 2 करोड़ 89 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दोकड़ा 1 करोड़ 92 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास पतराटोली 1 करोड़ 92 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास रौनी 1 करोड़ 53 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दुलदुला 1 करोड़ 92 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दुलदुला 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कुनकुरी वार्ड 2 में 1 करोड़ 53 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास पंडरीपानी 1 करोड़ 92 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास तपकरा 1 करोड़ 92 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास लवाकेरा 1 करोड़ 53 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास पंडरीपानी – 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कांसाबेल 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बटाईकेला 1 करोड़ 53 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दोकड़ा 1 करोड़ 53 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कोतबा 1 करोड़ 92 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कोतबा 1 करोड़ 53 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बागबहार 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास गाला 1 करोड़ 53 लाख की स्वीकृति मिल चुकी है,जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। जर्जर भवन से छात्र छात्राओं को मिलेगी मुक्ति, सर्व सुविधायुक्त भवन का किया जाएगा निर्माण जिले में इन भवनों के बन जाने से जिले के हजारों छात्र-छात्राओं को सुरक्षित और आधुनिक आवासीय सुविधा मिलेगी। खासतौर पर आदिवासी एवं सुदूर अंचल के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रहने और भोजन की सुविधा भी बेहतर ढंग से उपलब्ध होगी।

## पत्थलगांव विधानसभा में बनेंगे नौ नए छात्रावास

पत्थलगांव विधानसभा को जिले में सर्वाधिक छात्रावासों की स्वीकृति के लिए मेरे विधानसभा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करती हूं।

यह बातें विधायक गोमती साय ने पत्थलगांव विधानसभा के लिए 9 छात्रावास की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्रामों में नए छात्रावास भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए मंजूरी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवासीय सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। पत्थलगांव विधानसभा में विधायक गोमती साय के लगातार प्रयास रंग लाने लगा है। आज छात्रावासों की स्वीकृति में पत्थलगांव विधानसभा को जिले में अधिकतम 9 भवन निर्माण हेतु कुल 15 करोड़ 91 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। नए भवन निर्माण में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कांसाबेल 2 करोड़ 89 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दोकड़ा 1 करोड़ 92 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कांसाबेल 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बटाईकेला 1 करोड़ 53 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दोकड़ा 1 करोड़ 53 लाख,पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कोतबा 1 करोड़ 92 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास कोतबा 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बागबहार 1 करोड़ 53 लाख,प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास गाला 1 करोड़ 53 लाख शामिल है। जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।



■ 15 करोड़ 91 लाख रुपए स्वीकृत

# भारतमाला योजना के प्रभावित किसानों ने मांगा सही मुआवजा, इतने में नहीं मिलेगी दूसरी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला योजना के लिए जिले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। अधिग्रहण की इस प्रक्रिया के दौरान किसानों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

किसानों का कहना है कि उनकी जमीन के बदले में जो राशि सरकार से मिल रही है,उससे वे दूसरी जमीन नहीं खरीद पा रहे हैं। ऐसे में वे भूमिहीन हो कर बेरोजगारी व भूखमरी का शिकार हो जाएंगें।



उचित मुआवजे की मांग के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे किसान।

**जाने क्या कहते हैं प्रभावित किसान:** चराईडांड़ से आए किसान विजय एक्का ने बताया कि वे और उनका पूरा परिवार पूरी तरह से कृषि पर निर्भर हैं। भारतमाला सड़क के लिए सरकार ने उनकी दो एकड़ 19 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण किया है। इसके एवज में उन्हें 20 लाख रूपये मुआवजा देना तय हुआ है। इस राशि में वे दूसरी जगह जमीन लेने का प्रयास कर रहे हैं तो जमीन का भाव अधिक होने के कारण वे खरीद नहीं पा रहे हैं। किसान के अनुसार उनके गांव में खेती की जमीन का भाव 70 हजार रूपये डिसमिल से भी अधिक है। चराईडांड़ के डिपाटोली से आए किसान शत्रुघन का कहना है कि उनकी सवा एकड़ जमीन में से 53 डिसमिल जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इसके एवज में 4 लाख 22 हजार रूपये का मुआवजा तय किया गया है। जबकि उनके गांव में सवा लाख रूपये डिसमिल में खेती की जमीन बिक रही है। अनूप बड़ा का कहना था कि सभी प्रभावित किसानों को 2 लाख प्रति डिसमिल के हिसाब से जमीन का मुआवजा मिलना चाहिए। ताकि किसान अपनी जमीन के बदले में दूसरी जमीन खरीद सके।

**मुआवजे में नियमों के कई पेंच:** जिला न्यायालय के अधिवक्ता रामप्रकाश पांडे का कहना है कि भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए जो जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जा रही है उसमें नियमों में कई पेंच हैं। इसमें अधिग्रहित किये जाने वाली जमीन की स्थिति,मात्रा के आधार पर मुआवजा तय किया जाता है। लेकिन इसकी स्पष्ट जानकारी प्रभावित किसानों को नहीं दी जाती है। इससे भ्रम की स्थिति बनती है जो कई बार विवादों में तब्दील हो जाती है। मामला न्यायालय में पहुंचता है,जिससे परियोजना के लटक जाने का खतरा बना रहता है।

### यह है रायपुर धनबाद एक्सप्रेस वे परियोजना

देश के पूर्वी और मध्य क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ से झारखंड के धनबाद तक चार लेन की एक्सप्रेस वे निर्माण की स्वीकृति दी है। इसकी कुल लंबाई 707 किलोमीटर है। यह सड़क छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर होते हुए झारखंड के रांची,बोकारो हो कर धनबाद से जुड़ेगी। इस एक्सप्रेस वे का निर्माण पूरा हो जाने से रायपुर से धनबाद की 707 किलोमीटर की दूरी 9 घंटे में पूरी की जा सकेगी। इस दूरी को तय करने में अभी लगभग 16 घंटे का समय लगता है। यह एक्सप्रेस वे छत्तीसगढ़ और झारखंड के कोयला, लोहा, बिजली, कपड़ा उद्योग के लिए विकास के लिए अहम होगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सत्रह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय प्रातः 9 बजे बगिया के श्री फलेश्वर नाथ मंदिर परिसर में पौधा रोपण करेंगी एवं सांय 6 बजे कुनकुरी के छठ घाट में द्वीप प्रज्वलन कर उनके उज्वल भविष्य की कामना कर राष्ट्र प्रगति की कामना करेंगे। यहां आयोजित भव्य कार्यक्रम में घाट को दीपों से सजा कर रोशन किया जाएगा।कुनकुरी के नगरवासियों ने इस आयोजन की तैयारी उत्साहपूर्वक शुरू कर दी है। श्रीमती कौशल्या साय ने समस्त प्रदेश वासियों से अपील किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को सभी लोग अपने घरों में पौधारोपण कर शाम को दीपक जला कर एकजुटता का संदेश दें और राष्ट्र प्रगति की कामना करें।उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी बीते 11 साल से लगातार देश के विकास के लिए पूरे समर्पण भाव से काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है। देश का आर्थिक विकास एक नई उंचाई को छू रहा है। अंर्तराष्ट्रीय मंच में भारत की उपस्थिति पहले से अधिक मजबूत हुई है। बीते दो साल में नक्सल मुक्ति की ओर छत्तीसगढ़ ने तेजी से कदम बढ़ाया है।ऐसे में हम सब प्रदेश वासियों का दायित्व है कि हम उनके जन्म दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकजुटता का संदेश देकर उनका उत्साहवर्द्धन करे ताकि वे एक नई उर्जा के साथ देश और देशवासियों की सेवा कर सकें।



■ हर घर में दीप जलाने की अपील

## महिला सहित तीन ठग गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने पुलिस का विशेष अभियान ऑपरेशन अंकुश लगातार परिणाम दे रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने ठगी के एक पुराने प्रकरण में तीन फरार आरोपियों को अंबिकापुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। जबकि एक आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिसकी तलाश जारी है।

■ ऑपरेशन अंकुश में पुलिस की बड़ी कामयाबी



पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी।

### ऑपरेशन अंकुश आगे भी जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा ऑपरेशन अंकुश के तहत पुलिस फरार आरोपियों पर शिकंजा कस रही है। ठगी के इस मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। ऑपरेशन ⏭ शेष पेज 4 पर

## अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों में चढ़ रहा रंग

**पत्थलगांव।** अग्रसेन महोत्सव की शुरूवात हो चुका है। यह लगातार 8 दिनों तक अग्रसेन भवन प्रांगण स्थल पर चलेगी जहां हर रोज सभी वर्ग के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है ।

■ पंजा लाडाओ प्रतियोगिता मैं सौरभ गोयल समोसा खाओ प्रतियोगिता में अमित श्याम लाल अग्रवाल ने मारी बाजी

रात्रि बाल अवतार बनो प्रतियोगिता में दर्जनों से ज्यादा छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक बाल अवतार बनकर सभी का मन मोह लिया अनय नीरज गर्ग ने पहला स्थान बनाया वहीं द्वितीय स्थान पर इशांत आयुष अग्रवाल, अथर्व अमन अग्रवाल तीसरे स्थान पर ईशान अनमोल बंसल ने जगह बनाई इलेक्ट्रिक डिवाइस प्रतियोगिता में तनय सुनील अग्रवाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। ऋशिता मनीष गर्ग ,द्वितीय केशव मुकेश अग्रवाल , तीसरा स्थान प्राप्त किया वही आज पुरुष वर्ग में निशान लगाओ प्रतियोगिता दिलचस्प रही जिसमें पहला स्थान संकेत रमेश गोयल दूसरा अमित अग्रवाल तीसरे स्थान पर अंकित विजय गर्ग रहे। समोसा खाओ प्रतियोगिता में अमित श्याम लाल अग्रवाल ने सात समोसे खाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया दूसरे स्थान पर अमित मांगेराम गोयल तीसरे स्थान पर निश्चल नरेश अग्रवाल ने जगह बनाई ।बाल आउट प्रतियोगिता में शुभम सुंदरलाल गर्ग प्रथम ,अंशु मुरारी लाल अग्रवाल सेकंड, प्रियांश राकेश अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।पंजा लाडाओ ⏭ शेष पेज 4 पर



प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले प्रतियोगी।

### आदि कर्मयोगी अभियान

## आदि सेवा रथ को विधायक व कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आज सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत और कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार जनपद पंचायत के अध्यक्ष गंगाराम भगत तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त संजय कर सिंह भी उपस्थित रहे। यह सेवा रथ जिले के विभिन्न ग्रामों एवं समुदायों तक अभियान का संदेश पहुंचाने, जनजागरूकता बढ़ाने और सेवा कार्यों को गति प्रदान करने का महत्वपूर्ण साधन बनेगा।यह अभियान हमारे गाँव और हमारे समाज को आत्मनिर्भर, शिक्षित, स्वस्थ और सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान का उद्देश्य है कि हर गाँव के लोग मिलकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। इस अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन जिले के 417 गांव में किया जाएगा। इस दौरान सभी ग्रामवासी आदि सहयोगी, आदि साथी के साथ मिलकर अपने सपनों का गांव बनायेंगे। आदि कर्मयोगी अभियान समाज की जड़ों को मज़बूती देने और हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को पहुंचाने का सशक्त प्रयास है।

सेवा पखवाड़ा, हमें समाज और गांव-गांव में सेवा की भावना को जागृत करने का अवसर प्रदान करता है। सेवा रथ इस अभियान की आत्मा है, जो गाँवों तक संदेश और सहयोग लेकर जाएगा।"आदि सेवा रथ का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय सहित सभी ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, सरकारी योजनाओं और सामाजिक जागरूकता से जोड़ना है। यह रथ गाँव-गाँव जाकर प्रचार-प्रसार करेगा, जिससे आमजन को जानकारी के साथ-साथ प्रेरणा भी मिलेगी।




हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक व कलेक्टर।

## कृषक क्रांति अभियान : किसान सीख रहे उन्नत खेती के तरीके



शैक्षणिक भ्रमण करते किसान।

**जशपुरनगर।** जिले में कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा हरी झंडी दिखा कर किसानों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है। भ्रमण में किसान रायपुर कृषि महाविद्यालय के टिसु कल्चर लैब में टिसु कल्चर की गुणवत्ता एवं विशेषता के बारे में तथा वी एन आर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड रायपुर मे विभिन्न फसलों के उन्नत बीजों के उत्पादन तकनीक, उनके उत्पादन क्षमता, कीट रोग के प्रति प्रतिरोधकता इत्यादि की जानकारी ले रहे है। साथ ही रायपुर के इंडस मेगा फ़ूड पार्क में विभिन्न फसलो के प्रसंस्करण इकाई के कार्यप्रणाली एवं प्रसंस्करण के उपरांत फसल के मूल्य एवं जीवनकाल मे वृद्धि से बाजार मूल्य में वृद्धि की तकनिकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। जिले के किसान कृषि विभाग अंतर्गत आत्मा प्रोजेक्ट एवं कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण मे गए है ये किसान मुख्यतः कांसाबेल एवं कुनकुरी के उन्नतशील कृषक एवं एफपीओ के सदस्य हैं।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान

**उदयपुर।** शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर में श्रमदान दिवस का आयोजन किया गया। जन भागीदारी समिति और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राधे श्याम ठाकुर ने कहा कि जन सहयोग एवं आपसी सामूहिक कार्य गतिविधि से ही महान कार्य की सिद्धि होती हैं। शिक्षा संस्थान और समाज कार्य दोनों परस्पर मिलकर जब अनुक्रिया करते हैं तब देश और राष्ट्र का उत्थान होता है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से सुश्री अंजलि एवं मनीष कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब सामूहिक रूप से किसी कार्य गतिविधि को पूर्ण की जाती हैं तब कार्य की पुष्टि सरलता से हो जाती है,इससे आपसी सद्भाव का भी विकास होता है ।प्रत्येक को अपनी मेहनत के अनुसार हर एक काम में अपना शत प्रतिशत योगदान देना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडेय ने कहा कि शारीरिक श्रम और मानसिक श्रम दोनों ही बहुत जरूरी है इससे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से वैयक्तिक तौर पर मजबूत बनता है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अनिल प्रताप सिंह, आशीष बंसल, परमेश्वर प्रजापति, शिव शंकर गोस्वामी, सुश्री अंजलि एवं मनीष कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया।

### पुत्र की लंबी उम्र की कामना के साथ माताओं ने रखा निर्जला उपवास



**सीतापुर।** पुत्र की लंबी उम्र की कामना के साथ माताओं ने जितिया का व्रत करते हुए निर्जला उपवास रखा। इस दौरान माताएं पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये बगैर उपवास रहती है।जितिया व्रत की शुरुआत सप्तमी तिथि से शुरू होती है। इस दिन माताएं नहा धोकर सात्विक भोजन ग्रहण करती है। अष्टमी तिथि को पूरे दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये निर्जला उपवास करने वाली माताएं जीवित पूजा के लिए सार्वजनिक शिवमंदिर पहुंची जहां शाम को जीवित वाहन नागराज की पूजा अर्चना के बाद माताओं ने कथा सुनी। कथा सुनने के बाद माताओं ने जितिया महिजा मंत्र का जाप करते हुए पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की। मंदिर में पूजा अर्चना एवं कथा सुनने के बाद व्रती माताएं अपने घर चली गई।पूरे दिन और रात निर्जला उपवास रहने के बाद माताएं नवमी तिथि को सूर्योदय के बाद इस व्रत का पारण करती है। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करते हुए व्रत तोड़ा जाता है।

### महाविद्यालय ने मनाया भाषा गौरव और संस्कृति का उत्सव



**बलरामपुर।** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य नंद कुमार देवांगन ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि यह ज्ञान-विज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला है। उन्होंने हिन्दी की उपयोगिता एवं वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मूल एवं संदर्भ ग्रंथों के अध्ययन की प्रेरणा दी। प्रो. नंद किशोर सिंह ने विभिन्न भाषा-व्याकरणों की चर्चा करते हुए हिन्दी को वैज्ञानिक एवं समन्वयकारी भाषा बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रो. योगेश राठौर, मंजीत चौबे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने साहित्यिक प्रस्तुतियों के साथ ही बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिन्दी का महत्व और युवा पीढ़ी विषय पर लघु नाट्य मंचन किया। एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी विषय पर प्रभावशाली भाषण दिया। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग से आनंद चौबे एवं मंजीत चौबे, पिंटू मंडल, उमेश गुप्ता, पूनम साय आदि मौजूद थे।

### गाज की चपेट में आने से किशोर की मौत, आधा दर्जन गंभीर

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखंड ओड़गी के दूरस्थ ग्राम पंचायत पालकेवरा में गाज की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कोरिया जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत में भर्ती किया किया। हितग्राहियों के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि कम आने की शिकायत पर रविवार को ग्रामीण पंचायत सचिव के पास गए थे स्थिति से अवगत होने के बाद पंचायत सचिव पेड़ के नीचे बैठकर हितग्राहियों के मोबाइल नंबर सहित अन्य दस्तावेजों को अपलोड कर रहे थे। इस दौरान अपराह्न 2 बजे गरज-चमक के साथ बूंदाबादी होने लगी जिसके कारण आसपास के भी कुछ ग्रामीण पहुंच गए। इस दौरान गाज गिरने से विजय चेरवा आ.झगर साय (17 वर्ष) सहित आधा दर्जन ग्रामीण चपेट में आ गए। गाज की चपेट में आने से विजर चेरवा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 6 ग्रामीण झुलस गए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतरंग के बंद होने के कारण घायलों को सीमावर्ती सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## पुलिया धराशायी होने से स्कूली बच्चों सहित लोगों थे परेशान

# ग्राम पंचायत पटना के ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर बनाई पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

गांव के विकास में पुल-पुलिया सहित सड़क की सुविधा अहम होती है। ऐसे में इनमे से एक भी सुविधा न हो तो न सिर्फ ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बल्कि आवागमन बाधित हो जाती है और लोगों को कई किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटना की है जहां पुलिया के धराशायी हुए कई माह हो गए लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में गांव के लोगों ने आपस में चंदा करने के पश्चात श्रमदान कर अस्थाई पुलिया का निर्माण किया जिसके बाद आवागमन शुरू हो सकी।

**खास बात**

- मरम्मत कराने जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन से लगा चुके हैं गुहार



पुलिया मरम्मत कराते गामीण।

जनपद पंचायत शकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना स्थित पुलिया कुछ माह पूर्व ही धराशायी हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कत होने लगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन से पुलिया मरम्मत कराने की मांग की लेकिन पुलिया की मरम्मत नहीं हो सका। ग्राम पंचायत पटना के ग्रामीणों ने आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर खुद ही अस्थाई पुलिया निर्माण करने का निर्णय लिए। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से चंदा कर आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एवं बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर धराशाई पुलिया को स्वयं ही श्रमदान कर मरम्मत किया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग शंकरगढ़ बचवार से बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ती है। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से न सिर्फ आवागमन बाधित हुआ बल्कि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए घूम कर 20-25 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता का सफर तय करना पड़ता है। गांव के छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कई बार पुलिया मरम्मत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से गुहार भी लगाई परंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका और न ही किसी प्रकार कोई पहल किया गया। अंततः ग्रामीणों ने आपसी एकता से श्रमदान कर एवं पैसा लगाकर अस्थाई रूप से पुलिया को आवागमन हेतु मरम्मत कराया है।

**जिला मुख्यालय को जोड़ती है सड़क**

ग्रामीणों द्वारा अस्थाई पुलिया निर्माण करने से क्षेत्र के लोगों को काफी हद तक राहत मिली है। क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी कार्य से जिला मुख्यालय जाते है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से लोगो की परेशानी काफी बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क शंकरगढ़ बचवार से बलरामपुर जिला मुख्यालय को जोड़ती है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से जिला मुख्यालय जाने के लिए लगभग 20 से 25 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था।

**ग्रामीणों ने की स्थाई पुलिया निर्माण की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थाई पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आपस में चंदा कर अस्थाई पुलिया तो बनाया गया है लेकिन लगातार हो रही बारिश से पुलिया कभी भी धराशायी हो सकता है। ऐसे में पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थाई पुलिया निर्माण से न सिर्फ पुलिया टिकाउ होगा बल्कि आवागमन भी सुचारू रूप से शुरू हो सकता है।



## छोटी-छोटी बातों पर निराश ना हों, बढ़ते रहे आगे : टोप्पो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को राजीव गांधी महाविद्यालय में राज्य युवा आयोग द्वारा युवा संवाद अभियान अंतर्गत युवा विकास उन्मुखी विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम कुमार टोप्पो मुख्य अतिथि एक रूप में शामिल हुए। विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि पहले युवाओं को ना ही इतनी सुख सुविधा प्राप्त होती थी ना ही इतनी व्यवस्थाएं थी न मोबाइल की सुविधा थी किंतु अब आपके पास आगे बढ़ने के समुचित अवसर हैं। बस आपको चयन करना है कि आपको कैसे आगे बढना है आपको यह भी सुनिश्चित करना है कि आप छोटी-छोटी बातों पर निराश ना हो आगे बढ़े।

- राज्य युवा आयोग के युवा सम्वाद कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि मैं इसी कॉलेज का छात्र रहा हूं अंबिकापुर की मिट्टी में ही जन्म लिया है। मेरा सदा से यह संकल्प रहा कि मैं यदि इस योग्य बनता हूं कि मैं आप सभी के लिए कुछ कर सकूं तो यह मेरा सौभाग्य होगा। विशिष्ट अतिथि आईजी दीपक झा ने कहा कि युवाओं में वह शक्ति है, वह ताकत है कि वह समाज की दिशा और दशा बदल सकते हैं। आज भारी बारिश में भी आपका उत्साह देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि सरगुजा के युवा सच में वह सामर्थ्य रखते हैं, जो यदि गलत के विरुद्ध खड़े हो जाए तो समाज को नई दिशा प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि नशा बहुत से अपराध का कारण बनता है इसलिए नशामुक्ति के क्षेत्र में सरगुजा पुलिस नवा विहान कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालय में जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम कर रही है। ऐसी कोई भी सूचना जो कि आगे चलकर गंभीर अपराध का कारण बन सकती है यदि आपको प्राप्त हो तो तत्काल हमें जानकारी पहुचाये। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कहा कि साइबर अपराध पर युवाओं की भागीदारी क्या होनी चाहिए एवं नशा विरोधी अभियान कैसे समाज को नई दिशा देने में कारगर हो सकता है। उन्होंने युवा आयोग को इस सार्थक प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, पायल सिंह तोमर भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा पांडे व आभार प्रदर्शन पार्षद दीपक यादव ने किया। सभी अतिथियों का धन्यवाद करके किया। इस दौरान रौनी मिश्रा, सृष्टि सिंह राजपूत, लवकेश शुक्ला, एनसीसी के दीपक, सौरभ मिश्रा, विकास शुक्ला, हर्ष जयसवाल, अमोघ कश्यप, शानू कश्यप, धीरज सिंह, उत्कर्ष पाठक, मनीष सिंह उपस्थित थे।

## गोविंदपुर नर्सरी में साथियों संग पार्टी मना रहे युवक पर भालू ने किया हमला

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर नर्सरी में साथियों के साथ रात को पार्टी मना रहे एक युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया,घटना शनिवार रात साढ़े आठ बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि ग्राम गोविंदपुर नर्सरी में बीती रात आधा दर्जन से अधिक युवक रात्रि में नर्सरी में पार्टी कर रहे थे,इसी दौरान अचानक नर्सरी से निकले दो भालू में से एक ने पार्टी में शामिल युवक सन्नी यादव पिता रूप साय 21 वर्ष को पीछे से हमला कर पंजा मार दिया,चीख पुकार व हो हंगामा मचने के बाद दोनों भालू घायल युवक को छोड़कर नर्सरी की तरफ घुस गये,प्राप्त जानकारी अनुसार पार्टी मना रहे साथियों ने जब दो भालूओं को सामने से आते देखा तो वे सभी डरकर इधर उधर खाली जगह देखकर भागने लगे,घटना पश्चात खून से लथपथ आहत युवक को साथियों व आसपास के लोगों ने बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है,मामले में जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि एसईसीएल कुमदा खदान के बाजू रिक्त क्षेत्र में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा नर्सरी लगाई गई है,वहीं की घटना है,वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है,उन्होंने युवकों द्वारा देर रात नर्सरी में पार्टी मनाने के दौरान घटना होने की पुष्टि की है और कहा कि युवक को इलाज के लिए तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है,उन्होंने बताया कि कुमदा एरिया ग्राम राईं, दतिमा, करसु कसकेला से लगा है,अनुमान लगाया जा रहा है कि भालू भोजन पानी की तलाश में इस क्षेत्र में पहुंचा होगा, स्थानीय लोगों के मुताबिक दो भालू साथ घूम रहे हैं, जिसमें एक नर एक मादा होने की संभावना है।सर्किल इंस्पेक्टर ने आमजनों से सावधानी के साथ घरों से बाहर निकलने की अपील की है और किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सूचना देने को कहा है ताकि समय पर मदद पहुंचाई जा सके।

- भालू को पास आता देख डरकर दोस्त मौके से भागे, दो भालूओं के एक साथ घूमने की मिल रही सूचना

## मंत्री राजवाड़े ने बालक गृह का किया औचक निरीक्षण, ली विभागीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के भ्रमण में आई। उन्होंने उदय शांति बालक बाल गृह का निरीक्षण की। इस दौरान वहाँ निवासरत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं देखरेख की व्यवस्था का विस्तार का जायजा लिया। बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, अध्ययन कक्ष, आवासीय व्यवस्था एवं खेलकूद की गतिविधियों की भी जानकारी ली।

- स्टॉफ से ली कार्यों की जानकारी, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



इस अवसर पर बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित की। सुशासन सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्तम संस्कार मिलें, ताकि वे अपने जीवन में प्रगति करते हुए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण की। इस दौरान पीड़ित महिलाओं एवं जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध त्वरित सहायता, परामर्श, आश्रय, चिकित्सकीय सुविधा और विधिक परामर्श जैसी सेवाओं का अवलोकन की। निरीक्षण के दौरान सेंटर के स्टाफ से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने का कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण में यह सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो वास्तव में सराहनीय है। ग्राम भनोरा स्थित खुशी वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण की। आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, भोजन, देखभाल एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, गोपाल कृष्ण मिश्रा, कृष्ण गुप्ता, लोधी राम एक्का, संजय सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, मुकेश गुप्ता, अजय गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अजय यादव , गौतम सिंह, विजय प्रताप सिंह, गुरुदेव सिंह, रजनी सोनी,मंगलम पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## अमेरा खदान विस्तार हेतु परसोढ़ीकला गांव के विस्थापन की खबरें अफवाह : महाप्रबंधक

**बिश्रामपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकास खंड में संचालित अमेरा खुली खदान परियोजना को लेकर एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने आ रही भ्रामक खबरों में स्थिति स्पष्ट की है,उन्होंने कहा कि वर्तमान में अमेरा खदान का विस्तार परसोढीकला गांव में होना है, इसे लेकर कुछ लोग भ्रामक बातें व अफवाह फैला रहे हैं,उन्होंने कहा कि परसोढीकला गांव को खदान खोलने के लिए गाँव के बसे लोगों को हटाने व विस्थापन करने की कोई योजना नहीं है, यहां फिलहाल केवल कृषि भूमि से कोयला उत्खनन की योजना है,उन्होंने बताया कि जुलाई 2024 में खदान के लिए जनसुनवाई और डीआरआर की बैठक में ग्रामीणों ने कोल इंडिया पुनर्वास एवं पुनर्वास नीति (घटते क्रम सूची)को चुना था,उन्होंने बताया कि यहां की कुल 473 एकड़ काश्तकारी भूमि पर 236 भू स्वामियों के लिए रोजगार सृजित किए गए हैं,उन्होंने बताया कि साधारण परिस्थिति में दो एकड़ रकबे जमीन अधिग्रहण होने में एक सदस्य को नौकरी मिलती है जबकि यहां 29 डिसमिल में भी भू विस्थापित ग्रामीण को नौकरी की पात्रता दी गई है,उन्होंने बताया कि करीब 86 करोड़ का मुआवजा यहां के ग्रामीणों के लिए पारित किया गया है,इसमें 19 प्रतिशत ग्रामीणों ने मुआवजा भुगतान की राशि स्वीकार कर ली है।जीएम ने कहा कि ग्रामीणों के मन में जो भी शंका है उसका हर स्तर पर समाधान किया जाएगा,इसके लिए ग्रामीणों से प्रबंधन के लोग व्यक्तिगत रूप से बात कर रहे हैं,बताया गया कि भू स्वामियों को नौकरी देने हेतु तेजी से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं,पिछले दिन तीन भू स्वामियों को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र देकर इसकी शुरुआत कर दी गई है।

## संयुक्त शिक्षक संघ के कुलदीप बने ब्लॉक अध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने भैयाथान के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे के बीआरसी चयनित होने पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह को भैयाथान का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने संघ के निर्देशों का पालन करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी , राकेश शुक्ल, शहादत अली, गिरिवर यादव, भुवनेश्वर सिंह, मनोज कुशवाहा, दिल मोहम्मद अंसारी, संधारी देवांगन, इंदुमौली मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



## लोक अदालत में सुलझा सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत का मामला

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को एक बड़े सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत के मामले का आपसी राजीनामा से निपटारा किया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद 57 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा प्रदान कर इस प्रकरण का निराकरण किया गया। बता दें कि 2 फरवरी को अंबिकापुर निवासी व बलरामपुर जिले में पदस्थ

- आपसी राजिनाला के तहत दी गई 57 लाख रुपए दुर्घटना बीमा

आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा परिवार के सदस्य गोदावरी मिश्रा, अथर्व मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, दीपांशु मिश्रा व घर में काम करने वाली महिला दुर्गा प्रजापति प्रयागराज कुंभ जा रहे थे। इसी दौरान यूपी में हाथीनाला के पास रानीताली मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक क्रेटा वाहन को टक्कर मार दी थी। इस घटना में एक ही परिवार से सदस्य गोदावरी मिश्रा, अथर्व मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, रवि प्रकाश मिश्रा तथा उक्त परिवार के घर काम करने वाली दुर्गा प्रजापति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। क्रेटा कार का चालक दुर्घटना के समय आरक्षक के पद पर पदस्थ था जिसके संबंध में उनके परिवार के सदस्य द्वारा इस अधिकरण में उक्त मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-166 के तहत अनावेदकगण दयाशंकर पाल, एसएस इन्फ्रा सोल्युशन एवं न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकरण को 13 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में रखा गया। लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री केएल चरयाणी के खण्डपीठ क्र. 1 के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बीमा कम्पनी ने पीठासीन अधिकारी केएल चरयाणी, अधिवक्ता सदस्य राष्ट्ररंजन मलतियार एवं श्रीमती शीला साहू के समक्ष कुल 57 लाख रुपए में राजीनामा किया। लोक अदालत में आपसी सहमती से महज 5 माह में इस प्रकरण का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय एवं सीतापुर न्यायालय में लगभग साढ़े तीन हजार लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। किशोर न्याय बोर्ड के 95 तथा परिवार न्यायालय के 25 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया एवं लाखों की संख्या में प्री-लिटिगेशन मामलों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों में 13316 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## शारदीय नवरात्री व दुर्गोत्सव मनाने में उत्पन्न समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शारदीय नवरात्रि और दुर्गोत्सव को लेकर बिश्रामपुर क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल की स्थिति नजदीक आ रही है,इस मामले में उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सूरजपुर के महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर निराकरण करने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेखित है कि बिश्रामपुर में धार्मिक मंदिरों और आस्था स्थलों की संख्या अधिक है।

- पिछले तीन वर्षों से मेले प्रांगण में लगने वाली अस्थाई दुकान संचालकों से निर्धारित दर से कई गुना अधिक की हो रही अवैध वसूली

यहां हर वर्ष कोल इंडिया के कर्मचारियों की सहभागिता से भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन होता है, इस ऐतिहासिक आयोजन में कर्मचारी अपने एक दिन का वेतन अर्पित करते हैं और महाप्रबंधक पदेन अध्यक्ष की भूमिका निभाते हैं,दुर्गा पूजा,दशहरा मेला और रावण दहन जैसे कार्यक्रम क्षेत्र की संस्कृति और सामूहिक आस्था का प्रतीक हैं,धर्मेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि पिछले तीन वर्षों से मेला स्थल पर नवरात्र के समय लगने वाली अस्थाई दुकानों से निर्धारित दर से कहीं ज्यादा अवैध वसूली की जा रही है,उनके अनुसार एसईसीएल की लीज भूमि पर लगने वाले मेले में दुकान लगाने के नाम पर की जा रही यह उगाही न केवल आपराधिक कृत्य है बल्कि इससे व्यापारियों और दुकानदारों में आक्रोश है,कई लोगों ने इस कारण अपनी अस्थाई दुकानें नहीं खोलीं,जिससे मेले की रौनक फीकी पड़ने लगी है। उन्होंने मांग की कि अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और मेले में आने वाले सभी दुकानदारों को निःशुल्क जगह उपलब्ध कराई जाए। उक्त मामले पर जीएम ने मेला हेतु जगह निर्धारित दर पर उपलब्ध किए जाने की बात कही है।

**दुर्गा पंडाल के पीछे नए पक्के भवन निर्माण कराए जाने पर भी जताई गई आपत्ति**

नगर पंचायत द्वारा दुर्गा पंडाल के पीछे नए भवन का निर्माण किए जाने पर भी जीएम के समक्ष आपत्ति जताई गई,धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान पंडाल मजबूत और सुरक्षित है, ऐसे में नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा बनवाए जा रहे नए पंडाल का निर्माण अनुचित और अव्यावहारिक है, उन्होंने आशंका जताई कि तालाबों के बीच नए निर्माण से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस मुद्दे पर वर्तमान पंडाल को ही और आकर्षक बनाने की बात रखी गई, जिस पर जीएम ने आश्वस्त किया है कि पुराने दुर्गा पंडाल में ही मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर पूजा अर्चना की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।ज्ञापन में माइनर्स कॉलोनी स्थित मां काली मंदिर की बदहाली का भी उल्लेख किया गया है, बताया गया कि यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है,परंतु रख-रखाव की कमी के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने मांग किया है कि इस मंदिर को भी शारदीय नवरात्र में एसईसीएल की रख-रखाव और जीर्णोद्धार योजना में शामिल किया जाए,जिस पर जीएम द्वारा अपनी सहमति दी गई है, इस दौरान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सह प्रवक्ता अनुपम फिलिप व अन्य उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा में होने वाले विविध कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला भाजपा कार्यालय अटलकुंज मे भाजपा शहर मंडल का सेवा पखावाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, एक पेड़ माँ के नाम, प्रधानमंत्री की चयनित पुस्तकों का वितरण, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद एवं चित्रकला प्रतियोगिता, लोकल फार वोकल अभियान तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध मे कार्यशाला का आयोजन किया गया।



मुख्य वक्ता पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला एवं सह वक्ता जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी के आतिथ्य, जिला मिडिया प्रभारी मुकेश गर्ग, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा के मंडल प्रभारी अजय अग्रवाल अज्जू की उपस्थिति तथा मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ भारतमाता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सेवा पखवाड़ा मे आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हो इसके लिए कार्यक्रम प्रभारी एवं सहप्रभारी की नियुक्ति किया गया। मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा द्वारा दिया गया। कार्यशाला मे मंच संचालन मंडल महामंत्री राजू देवांगन द्वारा तथा आभार प्रदर्शन प्रमोद तायल द्वारा किया गया। कार्यशाला में डॉ. एचएन चतुर्वेदी, राजेश साहू, प्रमोद तायल, असरफ इराकी, प्रदीप सोनी बल्लू, अधिवक्ता मुख़्तार तिवारी, सत्यनारायण जायसवाल, संदीप जायसवाल, शिवशंकर साहू, प्यारेलाल साहू, हिमांशु जैन, कौशिल्या सिंह, लक्ष्मन कसेरा, आशीष गुप्ता, अजय सिंह एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



# कांतारा चैप्टर 1 में नागा साधु बने हैं ऋषभ शेट्टी

**मुंबई।** 'कांतारा चैप्टर 1' के भी राइटर, डायरेक्टर और लीड एक्टर ऋषभ शेट्टी ही हैं। फिल्म का निर्माण विजय किरागंदूर ने होम्बले फिल्म्स के बैनर तले किया है। कदंब वंश के शासनकाल के दौरान 300 ईस्वी में स्थापित 'कांताराः चैप्टर 1' दर्शकों को बनवासी के रहस्यमय जंगलों में ले जाता है, जहां दिव्य आत्माएं जागृत होती हैं और दैव परंपरा की जड़ें जमती हैं।' ऋषभ फिल्म में एक नागा साधु की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो नश्वर और दिव्य के बीच एक पुल की तरह है। 'ऋषभ एक भयंकर नागा साधु के रूप में नजर आने वाले हैं। एक योद्धा, एक रहस्यवादी, जिसकी नियती में नश्वर और दिव्य के बीच पुल बनना लिखा है।

## लाइफ Style


# अनन्या

## व्लॉग में संजोईं मालदीव की झलकियां

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अनन्या पांडे मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी मालदीव वेकेशंस की झलकियां फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। इन छुट्टियों के दौरान अनन्या ने एक नई चीज में हाथ आजमाया है। उन्होंने व्लॉग मेकिंग में पहली कोशिश करते हुए वीडियो शेयर किया है। इस पर नेटिजन्स के मजेदार रिएक्शन आ रहे हैं।

अनन्या पांडे ने सोमवार को एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें उन्होंने सुबह उठने से लेकर नाश्ता, स्विमिंग, साइकिलिंग, लंच, डिनर और घुमक्कड़ी के कुछ पल शेयर करते हुए वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा है, 'व्लॉग मेकिंग में मेरा पहला प्रयास, लेकिन मालदीव में बेहद खुशनुमा वक्त बिताने को मिला है'। अनन्या पांडे के इस वीडियो पर नेटिज्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। कोई अनन्या की क्यूटनेस की तारीफ कर रहा है तो कोई व्लॉगिंग के लिए उनका उत्साह बढ़ा रहा है। कुछ यूजर्स तो उन्हें यूट्यूब चैनल खोलने का ही सुझाव दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'हम आज व्लॉगर अनन्या पांडे से मिल रहे हैं'। कुछ यूजर्स और व्लॉग्स बनाने का सुझाव दे रहे हैं। कुछ नेटिजन्स तंज भी कस कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपके पास जब कोई स्किल न हो तो फेमस होने का इकलौता जरिया'। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म का नाम है, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी'। यह फिल्म 31 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अनन्या पांडे के साथ कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक समीर विद्वांस हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# अपनी लाइफ में पहली बार बर्फ देखी

**लॉस एंजिल्स।** टॉक शो की फेमस होस्ट और कॉमेडियन एलेन डीजेनेरेस अपनी बीवी पोर्टिया डि रॉसी के साथ अब कैलिफोर्निया छोड़कर इंग्लैंड में रहती हैं। उन्होंने ब्रॉडकास्टर रिचर्ड बेकन से कहा था, 'ये बहुत खूबसूरत है। हमें इस तरह की खूबसूरती देखने की आदत नहीं है। गांव, कस्बे और वास्तुकला - आप जो कुछ भी देखते हैं, वो मनमोहक है और ये जीवन जीने का एक सरल तरीका है। उन्होंने आगे कहा, 'हम यहां नवंबर में आए थे, जोकि सही समय नहीं है, लेकिन मैंने अपनी लाइफ में पहली बार बर्फ देखी। यहां बहुत अच्छा लगता है।



# 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। ट्रेनिंग डे, रिमेम्बर द टाइटन्स, क्रिमसन टाइड और ही गॉट गेम जैसी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर और आर्टहाउस फिल्मों के बीच गजब का संतुलन बनाया है। इसी साल 2025 में डेनजेल की फिल्म हाईएस्ट 2 लोएस्ट रिलीज हुई। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।



# सनी संस्कारी... में रोमांस कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का सोमवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का देखने को मिल रहा है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान जान्हवी और वरुण समेत फिल्म की पूरी कास्ट पारंपरिक लुक में नजर आई।'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' से होगी। इस इवेंट के दौरान जान्हवी कपूर ने अपनी शादी की प्लानिंग को लेकर भी बात की।इस सवाल के जवाब में जान्हवी ने साफ कहा कि अभी मेरी प्लानिंग सिर्फ फिल्मों को लेकर है। मैं फिल्मों की प्लानिंग कर रही हूं।



# हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी जटाधारा

**मुंबई।** सिनेमा के प्रेमियों के लिए इस साल की आखिरी तिमाही काफी दिलचस्प होने वाली है। अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक कई दिलचस्प फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। फिल्मों की इस सूची में सोनाक्षी सिन्हा की पहली साउथ फिल्म 'जटाधरा' का नाम भी जुड़ गया है, जो इस साल नवंबर में रिलीज होगी। यह फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में दस्तक देगी। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। रिलीज डेट के साथ इसका कैप्शन लिखा है, 'अंधकार की गहराइयों के बाद एक उदय जरूर होता है'। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसके लिए दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी और रोहित पाठक जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस: नगमा के बेघर होते ही इमोशनल हुए आवेज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट इस वक्त काफी बढ़ी हुई है। शो में कंटेस्टेंट कब क्या नया रंग दिखा दें किसी को नहीं पता। एक तरफ जहां शो के कई कंटेस्टेंट खुलकर खेल रहे हैं तो वहीं, कई ऐसे हैं जो शांत रहकर अपना गेम प्ले कर रहे हैं। ऐसे में बिग बॉस के तीसरे हफ्ते शो में डबल एविक्शन हुआ जो काफी शॉकिंग रहा। शो से दो कंटेस्टेंट नतालिया जानोसजेक और नगमा मिराजकर घर से बेघर हुईं। नगमा के जाने से आवेज दरबार को काफी बुरा लगा और दोनों वीकेंड का वार में काफी इमोशनल भी हुए। 'बिग बॉस 19' में तीसरे हफ्ते ही नगमा मिराजकर का सफर शो से हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो गया है। नगमा के जाने से आवेज दरबार खुद को इमोशनल होने से रोक नहीं पाए। आवेज और नगमा काफी रोए और उन्हें इमोशनल होता देख फैंस और घरवाले सभी दुखी थे। जाते-जाते नगमा ने आवेज को ऐसी बात कही, जिसे सुनकर वो यकीनन बेहद खुश हुए होंगे। नगमा ने कहा कि अब वो बाहर जाकर शादी की तैयारी करती हूं। जी हां, नगमा और आवेज जल्द ही शादी करने वाले हैं। इस बात से दोनों के फैंस काफी खुश हैं। सभी को उनका निकाह में कबूल है बोलते हुए देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। बिग बॉस 19 से नतालिया जानोसजेक और नगमा मिराजकर के घर से बेघर होने के बाद अब फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, बसीर अली, अशनूर कौर, अवेज दरबार, अभिषेक बजाज, तान्या मित्तल, नेहल चुडासमा, अमाल मलिक, आईजी प्रणित मोरे, कुनिका सदानंद, जीशान कादरी, नीलम गिरी, मृदुल तिवारी और शहबाज बदेशा घर में बचे हैं।

## संगीता ने बीच में छोड़ा राइज एंड फॉल

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा है और सुर्खियों में छाया हुआ है। इसमें अलग-अलग फील्ड के धुरंधरों को बतौर कंटेस्टेंट लाया गया है। भारतीय पहलवान संगीता फोगाट ने भी बतौर कंटेस्टेंट एंट्री की थी लेकिन उन्हें बीच में ही शो छोड़ना पड़ा। बीते एपिसोड में रेसलर को ससुर बलवान पुनिया के निधन की जानकारी दी गई, जिसके बाद वह फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने फिर इस शो से जाने का फैसला किया। 'राइज एंड फॉल' के एक एपिसोड में संगीता फोगाट को लाइब्रेरी रूम में बुलाया जाता है। वह जाती हैं और फिर जब लौटती हैं तो आंखों में आंसू होते हैं। वह सिसक-सिसककर रोती हैं। हर कंटेस्टेंट्स हैरान हो जातें है कि आखिर क्या हो गया। इसकी क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस एक्स पर भी शेयर की गई है। जहां बाकी उनसे पूछते हैं कि अचानक क्या हो गया तो वह ससुर के निधन की न्यूज सुनाती हैं।



# काजोल-ट्विंकल के चैट शो टू मच का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर नया चैट शो शुरू होने वाला है, जिसे बॉलीवुड की दो चर्चित अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किया जाएगा। अब इस शो का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें कई आगामी मेहमानों की झलक दिख रही है। हालांकि, सलमान और आमिर खान की जोड़ी दर्शकों का ध्यान खींच रही हैं। काजोल-ट्विंकल के चैट शो 'टू मच' के ट्रेलर में कई मेहमानों की झलक दिखती है। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आमिर-सलमान की जोडी ने खींचा। वीडियो में दिखता है कि काजोल ने पूछा कि वो उनके शो का कैसे प्रचार करेंगे? इसके जवाब में सलमान ने कहा, 'ट्विंकल-ट्विंकल लिटिल स्टार्स।' ये सुनते ही सब हंस पड़ते हैं। शो में दोनों खान को खूब मस्ती करते देखा गया। इतना ही नहीं आमिर खान ने खुश होकर सलमान के गाल पर चूम लिया। शो के ट्रेलर में गोविंदा और चंकी पांडी की भी जोड़ी नजर आ रही है। इसमें देखा जाता है कि गोविंदा अपने आइकॉनिक डॉयलॉग को बोलते हैं, 'इत्ती खुशी।' इसके अलावा चंकी पांडे भी खूब मजाकिया करते दिखते हैं। इसमें वरुण धवन और आलिया भट्ट भी शो की शोभा बढ़ाने पहुंचे हैं। इसके अलावा विक्की कौशल, कृति सैनन, करण जौहर, जान्हवी कपूर जैसे दिग्गज कलाकार नजर आ रहे हैं। काजोल और ट्विंकल खन्ना का यह नया टॉक शो 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है।



# घाटी की परफॉर्मेंस से सदमे में अनुष्का सोशल मीडिया से लिया ब्रेक....

*अनुष्का शेट्टी ने 'बाहुबली' में देवसेना के रोल में सबका दिल जीत लिया और हर कोई उनका फैन बन गया था। उन्होंने इसके बाद कई और फिल्में कीं, पर अब एक्ट्रेस के एक फैसले ने फैंस को चौंका दिया है। अनुष्का शेट्टी ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला किया है और पोस्ट लिखा है। अनुष्का ने यह फैसला अपनी हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'घाटी' को मिले ठंडे रिस्पॉन्स के बाद लिया है।*

**मुंबई।** अनुष्का शेट्टी का असली नाम है स्वीटी है, पर ऑनस्क्रीन ऐसी धाकड़ हैं कि बड़े-बड़े स्टार्स भी इनके आगे फीके पड़ जाते हैं। फैंस तो उन्हें 'लेडी सुपरस्टार' कहकर बुलाते हैं, पर अब यही सुपरस्टार सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही है। अनुष्का ने बताया कि वह अब असली दुनिया से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हैं। अनुष्का शेट्टी ने लिखा, 'ब्लू लाइट से कैंडल लाइट की ओर जा रही हूं। कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं ताकि असली दुनिया से दोबारा जुड़ सकूं। जल्द लौटूंगी और भी कहानियों और ढेर सारा प्यार लेकर।'



अनुष्का शेट्टी की फिल्म 'घाटी' 5 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पड़ गई और एक हफ्ते में सिर्फ 6.64 करोड़ रुपए ही कमा पाई है। इसे कृष्णा जगर्लामुड़ी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अनुष्का के साथ विक्रम प्रभु हैं। अनुष्का शेट्टी अब जल्द ही रोजिन थॉमस की हॉरर-फैंटेसी थ्रिलर 'कथानार-द वाइल्ड सोर्सरर' में नजर आएंगी। इससे वह मलयालम फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें वह नीला नाम की बुनकर का रोल प्ले करेंगी।

## 77वें एमी अवॉर्ड्स में बने कई अनोखे रिकॉर्ड्स, अलग-अलग देखने को मिले अंदाज

# द स्टूडियो को मिले 13 अवॉर्ड्स, 15 साल के ओवेन ने रचा इतिहास

*__लॉस एंजिल्स।__ टेलीविजन के सबसे बड़े और चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। ये अवॉर्ड्स लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में हुए। 77वें एमी अवॉर्ड्स में कई अनोखे रिकॉर्ड्स भी बने और ऐसे पल भी आए जो पहली बार एमी अवॉर्ड्स में हुए। साथ ही इस दौरान रेड कार्पेट पर भी कलाकारों के अलग-अलग अंदाज देखने को मिले। 77वें एमी अवॉर्ड्स के दौरान नेटफ्लिक्स के ओरिजिनल शो 'एडोलसेंस' में अभिनय करने वाले ओवेन कूपर एमी पुरस्कार जीतने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के अभिनेता बन गए। उन्होंने लिमिटेड सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड जीता। उन्होंने यह अवॉर्ड सिर्फ 15 साल की उम्र में अपने नाम किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह वाकई अद्भुत है। सच कहूं तो, जब मैंने थिएटर क्लासेज शुरू की थीं, तो मुझे यह पुरस्कार जीतने की उम्मीद नहीं थी। तीन साल पहले मैं कुछ भी नहीं था, लेकिन अब मैं यहां हूं।*

### टिलमैन बने एमी जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति

ट्रैमेल टिलमैन ने एमी अवॉर्ड्स 2025 में इतिहास रच दिया। वो सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का एमी पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बन गए। उन्हें 'सेवरेंस' में मिलचिक की भूमिका निभाने के लिए यह अवॉर्ड मिला। उन्होंने अपनी मां को अपने इस खास अवॉर्ड को समर्पित किया, जिन्हें वो अपना पहला एक्टिंग कोच भी मानते हैं।

### स्टीफन ने नमस्ते के साथ खत्म किया भाषण

इस दौरान स्टीफन ग्राहम को नेटफ्लिक्स की 'एडोलसेंस' के लिए लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। इस दौरान अपने भाषण के दौरान अंत में नमस्ते कहकर उन्होंने भारतीय फैंस को खुश कर दिया। उनका भाषण अब वायरल है।

### ओलिवर के स्पीच को दो जगह करना पड़ा बीप

77वें एमी अवॉर्ड्स में जॉन ओलिवर को 'लास्ट वीक टुनाइट' के लिए बेस्ट स्क्रिप्टेड वैरायटी सीरीज का एमी पुरस्कार जीता। लेकिन इस दौरान 15 सेकंड के उनके विनिंग स्पीच को लाइव टेलीविजन पर दो बार बीप किया गया। जिसके बाद उनका भाषण का चर्चा का विषय बन गया। हालांकि, बाद में सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके उस बिना बीप वाले भाषण का भी वीडियो शेयर किया। इसमें ओलिवर कुछ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हैं। इसी वजह से उन्हें बीप कर दिया गया।



***द स्टूडियो ने जीते सबसे अधिक अवॉर्ड :*** *कॉमेडी सीरीज 'द स्टूडियो' ने भी एमी अवाड्र्स में इतिहास रचा। यह सीरीज एमी के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा पुरस्कार जीतने वाली कॉमेडी सीरीज बन गई है। 77वें एमी अवॉर्ड्स में इस शो ने कुल 13 ट्रॉफी अपने नाम कीं। इसके साथ ही इस शो ने किसी कॉमेडी सीरीज का सबसे अधिक अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले यह अवॉर्ड 'द बियर' के नाम था, जिसने 2023 के एमी में 10 ट्रॉफी जीती थीं।*

### एमी अवॉर्ड्स 2025 के विनर्स

लीड एक्ट्रेस इन कॉमेडी सीरीज-
जीन स्मार्ट – हैक्स
लीड एक्टर इन कॉमेडी सीरीज-
सेठ रोजन- द स्टूडियो
बेस्ट एक्ट्रेस इन ड्रामा- ब्रिट लोअर, सेवरेंस
बेस्ट एक्टर इन लिमिटेड सीरीज-
स्टीफन ग्राहम- एडोलसेंस
बेस्ट एक्ट्रेस इन लिमिटेड सीरीज-
क्रिस्टिन मिलिओटी- दे पेंगुइ
बेस्ट ड्रामा सीरीज द पिट
लीड एक्टर इन ड्रामा सीरीज- नूह वाइल - द पिट
बेस्ट कॉमेडी सीरीज- द स्टूडियो
बेस्ट लिमिटेड एंथोलॉजी सीरीज- एडोलसेंस
बेस्ट टॉक सीरीज- द लेट शो विद स्टेफिन
बेस्ट स्क्रिप्ट वैरायटी सीरीज- लास्ट वीक टू नाइट विद जन ऑलिवर
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर इन ड्रामा-
ट्रैमेल टिलमैन, सेवरेंस
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन ड्रामा-
कैथरीन लानासा- द पिट
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर इन कॉमेडी-
जेफ हिलर- समबडी समव्हेयर
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन कॉमेडी-
हन्नाह आइनबिंदर- हैक्स
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट लिमिटेड सीरीज-
ओवेन कूपर- एडोलसेंस
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस इन लिमिटेड सीरीज-
एरिन डोहर्टी- एडोलसेंस
डायरेक्टिंग फॉर ए ड्रामा सीरीज-
एडम रैंडल - स्लो हॉर्सेस
डायरेक्टिंग फॉर ए लिमिटेड या एंथ्रोलॉजी सीरीज-
फिलिप बैरंटिनी – एडोलेसेंस
डायरेक्टिंग फॉर ए कॉमेडी सीरीज-
सेठ रोजेन- द स्टूडियो

## खबर संक्षेप

### गम्हरिया आश्रम में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर संपन्न

**जशपुरनगर।** अघोरपीठ वामदेव नगर गम्हरिया आश्रम में विगत 8 से 13 सितम्बर तक बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित छह दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। इस शिविर में कुल 69 रोगियों की चिकित्सा की गयी। सभी मरीजो की चिकित्सा वैद्य चन्द्रगुप्त साहू झारखण्ड द्वारा की गयी। शिविर का शुभआरंभ 8 सितम्बर को अपरान्हः ट्रस्ट के ट्रस्टी कृष्ण कुमार (टप्पू जी) द्वारा परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी के चित्र पर विधिवत पूजन आरती पश्चात नारियल फोड़कर किया गया। शिविर मुख्य रूप से लकवा, कमर दर्द,घुटनों का दर्द,साइटिका आदि दर्द से ग्रसित रोगियों का ईलाज किया गया है। अभी पूर्व से पंजीकृत रोगियों की चिकित्सा की जा रही है। विदित हो अघोर पीठ गम्हरिया आश्रम के ठीक सामने बने इस अघोरेश्वर भगवान राम प्राकृतिक चिकित्सा परिसर को विगत 28 जुलाई 2025 को ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्य पाद गुरूपद संभव राम बाबा द्वारा उद्घाटन कर जनसेवा हेतु समर्पित किया । शिविर में भी 66 रम रोगियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की गयी। अभी प्रतिमाह ऐसे शिविर आयोजित करने की ट्रस्ट की योजना है।

### साप्ताहिक बाजार में महिला के झोले से नकदी की चोरी

**राउरकेला।** साप्ताहिक बाजार में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और महिलाएं इनके आसान शिकार बन रही हैं। शनिवार को मालीडीह गांव से खरीदारी करने आई एक गरीब महिला के साथ दिल दहला देने वाली घटना हुई। महिला अपने छोटे बच्चे को पीठ से बांधकर सामान खरीद रही थी, तभी उचक्कों ने उसके झोले से 1700 रुपए नगद और बच्चे की दवा उड़ा ली। अचानक हुई इस वारदात से महिला फूट-फूट कर रोने लगी, जबकि चोर मौके से फरार हो चुके थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में नशेड़ियों के गिरोह खुलेआम गांजा, टर्की और देशी शराब पीकर घूमते रहते हैं। यही गिरोह लोगों के मोबाइल और पैसे पर नजर रखते हैं। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक ठोस कदम नहीं उठाया है। आरोप है कि पुलिस को समस्या की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, जिससे बाजार नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। हालांकि पीड़ित महिला की निशानदेही पर पुलिस ने एक संदिग्ध चोर को पकड़कर थाने लाया है।

### आरएसपी विस्तार पर बैठक रही बेनतीजा

**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयंत्र के 30 हजार करोड़ रुपए के प्रस्तावित विस्तार परियोजना को लेकर शुक्रवार रात राउरकेला हाउस में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुंदरगढ़ जिलापाल डॉ. शुभंकर महापात्र, डीआईजी बृजेश राय, एसपी नितीश वाधवानी, एडीएम दीना दस्तगीर, आरएसपी और भाजपा पदाधिकारी समेत आठ विस्थापित प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में विस्थापितों ने साफ शब्दों में आरएसपी द्वारा प्रस्तावित राहत पैकेज को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने अप्रैल में भूमि अधिग्रहण के दौरान एतो एक्का की मौत और सुरा कुजुर के घायल होने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय रोजगार और मुआवजे का लिखित वादा किया गया था, लेकिन अब तक उसे पूरा नहीं किया गया। विस्थापितों ने 2006 के समझौते को लागू करने, जमीन वापसी और प्रभावित परिवारों को नौकरी देने की मांग दोहराई।

### गो-तस्करी का भंडाफोड़ 231 गौवंश सुरक्षित

**राउरकेला।** शनिवार को लहूनीपाड़ा पुलिस और गौ रक्षकों की सतर्कता से अब तक की सबसे बड़ी गो-तस्करी का पर्दाफाश हुआ। अनुमंडल के गमलई हाट से कसाईखाने के लिए ले जाए जा रहे 231 गौवंश को पुलिस ने कब्जे में लेकर सुरक्षित गौशाला पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, बजरंग दल ने राउरकेला एसपी से गो-तस्करी रोकने की अपील की थी। इसी आधार पर पुलिस ने गौ रक्षकों से मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। हालांकि मुख्य तस्कर मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन गौवंश पहुंचाने में शामिल कुछ स्थानीय मजदूरों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# कलेक्टर ने ली जनपद पंचायत अन्य विभागों की समीक्षा बैठक

**मोर गांव मोर पानी महा अभियान को प्रभावी तरीके से लागू करने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार कलेक्टरेट सभाकक्ष में जनपद पंचायत और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और समाज कल्याण के आधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यक्षेत्र में संचालित विकासकार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने सभी विकासकार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन हेतु चलाए जा रहे 'मोर गांव-मोर पानी महाअभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने इस अभियान के तहत अधिक से अधिक जन-जागरूकता फैलाने और विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने स्वच्छता अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों को समय पर और प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, सेग्रीगेशन शेड की प्रगति, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, फीकल स्लज मैनेजमेंट और स्वच्छता श्रमदान की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत निर्मित शौचालयों के जियो टैंगिंग कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्य को प्राथमिकता के साथ करने को कहा। इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उस पर आवश्यक कार्यवाही करने ने निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना,



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के प्रभावी क्रियान्यवन पर जोर देते हुए कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत समस्त कार्यो को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को लोन रिकवरी रेट को संतुलित रखते हुए अधिक से अधिक पात्र स्व-सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को बिहान योजना से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक कर इससे जोड़ने को कहा। इसके अलावा कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिलाने सक्रिय रूप से काम करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, जनपद पंचायतों के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी पहल

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित मोर गाँव-मोर पानी महाअभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, परिसंपत्ति निर्माण और आजीविका संवर्धन की दिशा में एक सशक्त पहल है। यह अभियान समुदाय-आधारित दृष्टिकोण पर आधारित है, इस अभियान के माध्यम से लोगों में जागरूकता प्रसार कर ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल भूजल के अनियमित दोहन को रोकना है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करना और कृषि उत्पादकता में सुधार लाना भी है। इस अभियान में तकनीकी नवाचारों का उपयोग और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से जल सुरक्षा सुनिश्चित किया जा रहा है। इस महाअभियान में स्थानीय संस्थाओं और समुदाय का सक्रिय सहयोग प्राप्त है। इससे ग्राम स्तर पर सहभागिता और स्वामित्व की भावना विकसित हो रही है।



# आदि कर्मयोगी अभियान से तडोला में सोशल पुलिसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के 5 ग्राम तडोला, अमलीभोना, जिलाड़ी, सिलाड़ी और कंवरिहा को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में अधिकांश आबादी अनुसूचित जनजाति वर्ग की है, जिनके जीवन स्तर और सामुदायिक विकास को सुधारने के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम तडोला में थाना प्रभारी रामकिंकर यादव और उनकी टीम ने सोशल पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसे चलित थाना के बैनर तले संपन्न किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए अपना मोबाइल नंबर साझा किया और कहा अपराध रोकथाम और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। ग्राम में शांति और समरसता तभी बनी रहेगी जब आप सभी सामुदायिक भागीदारी के साथ सहयोग करेंगे। टीआई यादव ने ग्रामीणों को अपराध के प्रकार, उसके कारण और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका तभी प्रभावी हो सकती है जब समाज उसके साथ खड़ा हो। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच लक्ष्मी नायक सहित अन्य पदाधिकारी, महिला-पुरुष और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे अपराध मुक्त, शांतिपूर्ण और समरस ग्राम बनाने में पूरा सहयोग देंगे।

# पुसौर थाना क्षेत्र के 120 गांवों के कोटवार सम्मानित



**पुसौर।** ग्रामीण समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करने वाले झाखर कोटवारों को पुसौर थाना प्रबंधन ने विशेष सम्मान प्रदान किया। बीते दिवस थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुसौर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव सहित संपूर्ण थाना स्टाफ ने थाना क्षेत्र के 120 गांवों में सेवा दे रहे कोटवारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान कोटवारों ने अपने-अपने गांव की स्थिति, समस्याओं और आवश्यक जानकारियाँ थाना स्टाफ के साथ साझा कीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उन्हें परिवार का हिस्सा मानते हुए आत्मीयता के साथ संवाद किया। जानकारी के अनुसार, झाखर कोटवार परंपरागत रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी ग्राम सेवक की भूमिका निभाते आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखना, पुलिस और जनता के बीच संवाद स्थापित करना तथा अपराध नियंत्रण में सहयोग करना इनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने कहा कि कोटवार समाज और प्रशासन के बीच वह कड़ी हैं, जिनके बिना ग्राम स्तर पर व्यवस्था बनाए रखना कठिन है। उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह में तेतला के कोटवार रंजित महंत, ठेंगापाली के बाबाजी, केनसरा के रथुराम निशाद और लोहरसिंह के इंदरदास विशेष रूप से सम्मानित किए गए। इस पहल से कोटवारों का मनोबल बढ़ा है और वे अपने कार्यों को और भी जिम्मेदारी और निष्ठा से निभाने के लिए प्रेरित हुए हैं।

# चलित थाना में दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा प्रभावित 9 गांवों सहित आसपास के ग्रामों को संवेदनशील मानते हुए पुसौर थाना प्रबंधन द्वारा लोहाखान पंचायत भवन प्रांगण में चलित थाना का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र में देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों का लगातार आना-जाना रहता है और ओडिशा सीमा समीप होने से अपराध की संभावनाएँ अधिक रहती हैं। बावजूद इसके, पुसौर पुलिस सोशल पुलिसिंग, चलित थाना और सघन पेट्रोलिंग की बदौलत अब तक अपराध नियंत्रण में सफल रही है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम और सोना-चांदी चमकाने वाले गिरोहों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी गंभीर जानकारी साझा न करें और जेवर सफाई के लिए केवल विश्वसनीय लोगों पर ही भरोसा करें, अन्यथा भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



# चंद्रपुर में गहराया बिजली संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंद्रपुर

**■ आगामी नवरात्रि पर्व पर रहेगा अंधेरे का खतरा**

नगर और आसपास के ग्रामीण अंचल में बिजली आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। लगातार घंटों की अनियमित कटौती और जूनियर इंजीनियर (जेई) राजेंद्र सिंदार की मनमानी ने स्थिति और गंभीर बना दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिदार की पदस्थापना के बाद से ही बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बिना आंधी, तूफान या बारिश के भी रोज घंटों बिजली काटी जा रही है। ग्रामीणों और नगरवासियों ने उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर जेई राजेंद्र सिंदार की मनमानी पर रोक लगाने और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। फिलहाल विभाग की ओर से इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



### मरम्मत और शिकायतें ठप

ग्रामीणों का आरोप है कि लाइन की मरम्मत समय पर नहीं होती, ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े रहते हैं और शिकायत करने पर सुनवाई तक नहीं होती। विभाग पूरी तरह जेई की मर्जी से चल रहा है।

विद्युत कटौती से गाँव में पानी की समस्या गहराती जा रही है और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

**लक्की सिन्दूर, पार्षद वार्ड 05**

लाइट गोल होने से मजदूर बिना काम के बैठे रहते हैं, व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है।

**पिंटू यादव, पार्षद वार्ड 12**

दिन-रात बिजली गोल रहने से चंद्रपुर की धार्मिक छवि खराब हो रही है, श्रद्धालु परेशान हैं।

**रौनक अग्रवाल, व्यापारी**

विद्युत विभाग की उदासीनता ने नगर की प्रतिष्ठा पर विपरीत असर डाला है।

**दिनेश पप्पू श्रीवास, सामाजिक कार्यकर्ता**

### दर्जनों गांव प्रभावित

हीरापुर, गोपालपुर, काशीडीह, हरदी, मिरोनी, कलमा, बालपुर, चंदली, बिलाईगढ़, पलसदा, बिरहभंटा, मड़वा, अमलडीहा और लेटेसरा समेत कई गांवों के लोग रोज बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई रुक रही है, व्यापारी आर्थिक तंगी झेल रहे हैं और किसानों की सिंचाई बाधित हो रही है।

### नवरात्रि में बिजली संकट से होगी परेशानी

बिजली कटौती का असर धार्मिक आयोजनों पर भी पड़ सकता है। नवरात्रि पर्व के दौरान शक्तिपीठों में अंधेरे की वजह से सुरक्षा संकट खड़ा हो सकता है। रात्रिकालीन दर्शन, हवन, यज्ञ और भजन-कीर्तन बाधित होने की संभावना है। श्रद्धालुओं ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया।

# बरमकेला में अंगीकार 2025 अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरमकेला

नगर पंचायत बरमकेला में शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना "अंगीकार 2025" का व्यापक प्रचार-प्रसार जारी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।



अभियान के तहत पीएमएवाई-यू 2.0, पीएम स्वच्छ ऊर्जा बिजली योजना, ब्याज सब्सिडी योजना, क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी फंड ट्रस्ट, लोन मेले और नव निर्मित पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम सहित कई गतिविधियाँ चल रही हैं। कमजोर और अनुसूचित वर्ग के हितग्राहियों को विशेष ध्यान देते हुए योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत कार्यालय बरमकेला में संपर्क करें ताकि उन्हें आवास और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। शासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार को शहरी क्षेत्र में पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित हो।

# सोनाखान में कांग्रेस की बैठक संगठन को मजबूत करने पर जोर

**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार की अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे की उपस्थिति में सोनाखान ब्लॉक मुख्यालय में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की जिम्मेदारी प्रभारी पद्मा घनश्याम मनहर, पूर्व विधायक सारंगढ़ ने संभाली।



बैठक में सोनाखान ब्लॉक के प्रत्येक सेक्टर व मंडल से कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए छह आवेदकों युधिष्ठिर नायक, गजेंद्र पटेल, दीपक बंदे, नल पटेल, डिगेश यादव और अमरध्वज यादव के नाम सामने आए। प्रभारी पद्मा घनश्याम मनहर ने सभी से एकमत होकर एक नाम सुझाने का आग्रह किया, किंतु सहमति न बन पाने के कारण सभी नामों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक भेजने का निर्णय लिया गया।

प्रभारी मनहर ने अपने संबोधन में कहा कि जो भी नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वीकृत होगा, सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुलकर उसके नेतृत्व में संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक का संचालन युधिष्ठिर नायक, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान ने किया। इस अवसर पर मोती साहू, राज महंत पी.के. धृतलहरे, इतवारी साहू, तुलेश्वर वर्मा, रवि बंजारे सहित अनेक मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता और सैकड़ों आमजन उपस्थित रहे।



# एचएम मनीषा ने बच्चों को दिया न्योता भोज

**रायगढ़।** राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित और शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ की प्रधानपाठक डॉ. मनीषा त्रिपाठी ने अपने जन्मदिन को अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और शालेय परिवार के साथ न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर रसगुल्ला, पुलाव, पूरी-छोले और खीर का स्वाद सभी ने मिलकर लिया। डॉ. मनीषा बचपन से ही जन्मदिन आशा निकेतन, वृद्धाश्रम और चक्रधर बाल सदन में जरूरतमंदों को मिठाई, फल व बिस्किट बाँटकर मनाती आ रही हैं। साथ ही, वे हर साल एक निर्धन विद्यार्थी की फीस और शैक्षणिक सामग्री का खर्च स्वयं वहन करती हैं। यह कार्य वे लगातार 15 वर्षों से कर रही हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ऑपरेशन अंकुश ...

अंकुश आगे भी जारी रहेगा और किसी भी फरार आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत ग्राम विमड़ा की महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को आरोपी राजेश कुमार गुप्ता ने अपने झूठे आश्वासन के जाल में फंसा लिया था। उसने महिलाओं को कहा कि भारत फाइनेंस कंपनी से तीन लाख से अधिक रुपये वह निकलवाकर देगा, किस्तें खुद पटाएगा और महिलाओं को पाँच हजार रुपये अतिरिक्त लाभ भी दिलाएगा। विश्वास में आई महिलाएं उसकी बातों में आ गईं और आरोपी ने 3 लाख 80 हजार 500 रुपये निकलवा लिए। शुरुआती कुछ किस्तें तो आरोपी ने महिलाओं को लौटाईं, लेकिन उसके बाद किस्त देना बंद कर दिया। शेष रकम उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हड़प ली। फाइनेंस कंपनी द्वारा लगातार किस्त जमा करने का दबाव और नोटिस मिलने पर महिलाओं को ठगी का अहसास हुआ। परेशान होकर उन्होंने 2021 में कलेक्टर कार्यालय जशपुर में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान राजेश कुमार गुप्ता के साथ अयोध्या प्रसाद गुप्ता, गीता देवी, जगत नायक और लोकेश नायक के नाम सामने आए। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की और वर्ष 2022 में थाना बगीचा में आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। जांच के दौरान एक आरोपी जगत नायक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना के बाद से तीनों मुख्य आरोपी फरार चल रहे थे। एसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा गया। आखिरकार मुखबिर की पुख्ता सूचना पर थाना बगीचा की टीम सरगुजा रवाना हुई और अंबिकापुर में तीनों फरार आरोपी –राजेश कुमार गुप्ता 27, अयोध्या प्रसाद गुप्ता 57 और गीता देवी 50 को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया और ठोस सबूत मिलने पर पुलिस ने उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। वहीं, आरोपी लोकेश नायक अब भी फरार है जिसकी तलाश जारी है।इस मामले में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम, एएसआई बैजन्ती किंडो, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सिंह, आरक्षक मुकेश पांडे, रमेश गृही और नगर सैनिक कृष्णा दिवाकर की सराहनीय भूमिका रही।

### अग्रसेन जयंती के ...

विवाहित प्रतियोगिता में सौरभ पीतांबर गोयल ने पहले अनमोल नरेश बंसल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया अविवाहित पंजा लाडो प्रतियोगिता में संस्कार पवन गर्ग ने पहले आयुष पवन गोयल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया आज की सबसे रोचक कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रही जिसमें शिवम मधुसूदन गोयल प्रथम हर्षित सतनारायण मित्तल सेकंड संकेत मधुसुदनदन गोयल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।अग्रसेन भवन में लगातार प्रतियोगिताएं हो रही है। प्रतिदिन सुबह शाम भगवान अग्रसेन जी की आरती विधि विधान से की जा रही है।



